मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-568**
**31/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल कॉलेज, हिलसा के परिसर में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

पटना, 31 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के हिलसा के मई स्थित सरदार पटेल कॉलेज परिसर में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल कॉलेज के विज्ञान भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास तथा कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल कॉलेज के प्रशासनिक भवन का फीता काटकर तथा शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल कॉलेज के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनसे मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक डॉ0 जीतेन्द्र कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, पूर्व विधायक श्री चन्द्रसेन प्रसाद, पूर्व विधायक श्री शक्ति सिंह यादव, पूर्व विधायक ई0 सुनील कुमार, पूर्व विधायक श्री राजीव रंजन, पूर्व विधायक श्रीमती उषा सिन्हा, पूर्व विधान पार्षद श्री हीरा बिन्द, पूर्व विधान पार्षद श्री राजू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पिंकी कुमारी, जदयू जिलाध्यक्ष मो0 अरशद, अन्य जनप्रतिनिधिगण मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री अशोक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******